# महापुरुषों की प्रतिमाओं का हो रहा अपमान

**खास बातें**

- स्वतंत्रता सेनानियों, महापुरुषों की प्रतिमाओं की नहीं हो रही सफाई





नवभारत न्यूज

**विदिशा 28 नवम्बर, शहर में अलग अलग दलों की सरकारों के समय नेताओं ने अपनी राजनीति चमकाने के लिए चौराहों पर महापुरुषों को प्रतिमाएं स्थापित कराई. इन प्रतिमाओं की स्थापना के बाद चौराहों को तो नाम मिल गया लेकिन देखरेख के अभाव में महापुरुषों की प्रतिमाओं का अपमान हो रहा है.**

देश की प्रगति में योगदान देने वाले महापुरुषों को याद करते हैं लेकिन शहर में लगी महापुरुषों की प्रतिमाओं की बेकद्री पर किसी का ध्यान नहीं होगा। शहर में अलग अलग चौराहों, प्रमुख मोड़ पर महापुरुषों की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं. प्रतिमाएं तो लगा दी लेकिन इनकी देखरेख नहीं होने से ये खंडित भी होने लगी हैं. नगर पालिका भवन के सामने सामने स्थापित पं रविशंकर शुक्ल की प्रतिमा हो या एसएटीआई के सामने अब्दुल कलाम की, तिलक चौक पर बाल गंगाधर तिलक की प्रतिमा हो या अस्पताल रोड पर शाहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा सभी प्रतिमाएं खंडित होने लगी हैं रंग उत्तर रहा है. उनके पेडस्टल भी देखरेख के आभाव में क्षतिग्रस्त हो रहे हैं. राष्ट्रीय पर्व के दौरान महपुरुषों की प्रतिमाओं की सफाई कराई जाती है उसके बाद अधिकारी और नेता भूल जाते हैं.

### आजाद की प्रतिमा से निकला रंग

नवीन अस्पताल और मेडिकल कालेज रोड पर बने डिवाइडर पर स्थापित शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा से तो रंग ही उतर गया है. आजाद मूछों पर हाथ फेर रहे हैं वहीं दूसरे हाथ में एक बंदूक है. रंग उतरने के कारण बंदूक का रंग और उनके बाल आधे काले और सफेद दिखाई दे रहे हैं. शरीर का रंग भी उतर गया है जिससे प्रतिमा में सुंदरता.

### शुक्ल की प्रतिमा पर चढ़ी धूल

नगर पालिका कार्यालय के सामने ब्रिज के पास चौराहे पर बनी रोटरी में मप्र के पहले मुख्यमंत्री पं रविशंकर शुक्ल की प्रतिमा स्थापित है. शुक्ल की प्रतिमा ऊंची है, रोटरी बनाकर उसे सुरक्षित रखने का प्रयास किया गया लेकिन प्रतिमा की नियमित सफाई नहीं होने से प्रतिमा पर थूल की परत चढ़ रही है. रंग रोगन घुल गया है, चेहरे की बनावट विगड़ गई.

### अब्दुल कलाम की प्रतिमा से परत निकल रहीं

एसएटीआइ कालेज के सामने पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम की प्रतिमा स्थापित है. प्रतिमा के पास ही लोहे की सीढ़ियां और खड़े होने स्टैंड बना दिया जिससे सड़क से प्रतिमा दिखाई ही नहीं देती. गुणवत्ता खराब होने के कारण प्रतिमा से रंग तो उत्तर ही रहा है उसकी परत भी उखड़ती जा रही है. नीचे मार्बल निकल गया जो अब भद्दा दिखाई दे रहा है.

### बाल गंगाधर तिलक जी की प्रतिमा छिपी

शहर के प्रमुख तिलक चौक पर स्वतंत्रता सेनानी लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की प्रतिमा स्थापित है.आसपास अतिक्रमण होने से तिलक जी की प्रतिमा दिखाई ही नहीं देती. यही कारण है कि स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस के अवसर पर यहां कम लोग ही आते हैं.

# लाखों के जेवरात, नगदी पर किया हाथ साफ

### ग्राम बरेठा में दिनदहाड़े हुई चोरी



नवभारत न्यूज

**कुरवाई 28 नवम्बर, ग्राम बरेठा के फूल सिंह कुर्मी के के द्वारा पुलिस थाना कुरवाई को दी गई सूचना के अनुसार 28 नवंबर को शाम 4.30 बजे अज्ञातचोर चोर पीछे से दीवाल फांद कर घुसे और उनके द्वारा मकान के अन्दर रखी अलमारी व पेटी के ताले तोडे गए, जिसमें रखा हुआ चांदी व सोने के जेबरात व नगदी चोरी कर लिया गया है.**

घर पर शाम 6 बजे पहुंचने पर देखा कि कमरों के 3 गेट के ताले तोडे गए, तथा अलमारी व पेटी के ताले तोडकर चोरों ने सोने की 2 चैन बजन 40 ग्राम, झुमकी सोने की 22 ग्राम, कान के सोने के टाप्स बजन 12 ग्राम 5 अंगूठी लेडिज बजन 30 ग्राम, 5 अंगूठी जेन्ट्स बजन 35 ग्राम, पायल चांदी की 15 जोडी बजन 700 ग्राम, बिछुडी चांदी की बजन 100 ग्राम, करधोनी चांदी की 400 ग्राम, नगदी 10 हजार रूप्या सहित जेबर व सामान चोरी कर लिया है. चोरी गया माल मशरूका लगभग 16 लाख मूल्य का है. घटना के बाद एएसआई संतोष भार्गव तथा पुलिस टीम ग्राम बरेठा पहुंची पुलिस ने प्राथमिक जांच के उपरांत मामले में एफएसएल टीम विदिशा से बुलवाई है.घटना की पुलिस कुरवाई के द्वारा जांच की जा रही है.

## नर्मदा परिक्रमावासियों का नौलखी मंदिर में सम्मान आज

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** भक्ति दर्शन फाउंडेशन परिवार के तत्वाधान में आयोजित हुई पंद्रह दिवसीय नर्मदा परिक्रमा के पावन पथ की तपो यात्रा पूरी कर लौटे नगर के परिक्रमा वासियों का सम्मान आज शनिवार शाम 4 बजे नौलखी मंदिर में आयोजित समारोह के दौरान प्रशस्ति पत्र देकर किया जाएगा. फाउंडेशन परिवार के आयोजकों का कहना है कि कार्यक्रम का उद्देश्य परिक्रमा परंपरा, सनातन संस्कृति और साधकों के तप को सम्मान देना है. समस्त परिक्रमा वासियों से शनिवार शाम 4 बजे नौलखी मंदिर में आयोजित सम्मान समारोह में उपस्थित रहने अपील की. नौलखी मंदिर में इन दिनों चल रही गीता जयंती सप्ताह की आध्यात्मिक गरिमा के बीच यह कार्यक्रम और भी प्रेरणादायी स्वरूप धारण करेगा.



## अभाविप ने की महाविद्यालय की समस्याओं के निराकरण की मांग

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सिरोंज नगर इकाई के कार्यकर्ताओं ने स्थानीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में आ रही विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर महाविद्यालय के प्राचार्य लालचंद राजपूत को शुक्रवार को एक ज्ञापन सौंपा. अभाविप नगर मंत्री आशीष शर्मा ने बताया कि इस मौके पर महाविद्यालय में प्रवेशिका एवं ड्रेस कोड लागू कराने, सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था करने, वॉटर कूलर एवं स्वच्छता की व्यवस्था करने, स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा स्थापित कराने, परिसर गेट से लाइब्रेरी तक सीसी रोड निर्माण कराने, पार्किंग की व्यवस्था आदि की मांग की गई. इस दौरान अभाविप कार्यकर्ताओं ने महाविद्यालय प्राचार्य से जल्द से जल्द महाविद्यालय में आ रही समस्याओं का निराकरण कराने की मांग की. इस दौरान अभाविप कार्यकर्ता एवं छात्र उपस्थित रहे.

## पंडित मुन्नालाल शास्त्री गीता जयंती आयोजन के जिला प्रभारी नियुक्त

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** जिले में गीता जयंती का आयोजन ऐतिहासिक, भव्य और प्रेरणादायी स्वरूप में मनाए जाने के लिए मध्य प्रदेश शासन के परशुराम बोर्ड द्वारा जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है.इस समिति में नगर के पंडित मुन्नालाल शास्त्री को गीता जयंती आयोजन का जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है.आगामी 1 दिसंबर को गीता जयंती जिले सहित राज्य भर में भव्य स्तर पर मनाई जाएगी. मालूम हो कि शासन के निर्देशानुसार इस वर्ष गीता जयंती पर जिले में होने वाले सभी कार्यक्रमों के समन्वय एवं संचालन के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है जिसका प्रभारी श्री शास्त्री को बनाया गया है.परशुराम बोर्ड तथा अंतरराष्ट्रीय विश्व गीता प्रतिष्ठान के संयुक्त मार्गदर्शन में जिले का मुख्य कार्यक्रम रवीन्द्र नाथ टैगोर भवन में कलेक्टर के निर्देशन में आयोजित किया जाएगा.इसके साथ ही जिले की सभी तहसीलों में भी गीता जयंती महोत्सव समान रूप से आयोजित होंगे.कार्यक्रमों के अंतर्गत विद्यालयों के छात्र-छात्राएं श्रीमद् भगवद्गीता के 15वें अध्याय का सामूहिक पाठ करेंगे, जिससे अध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक मूल्यों का व्यापक संदेश समाज तक पहुंचे. पंडित मुन्नालाल शास्त्री की इस महत्वपूर्ण नियुक्ति पर कई सामाजिक, धार्मिक एवं व्यावसायिक संगठनों ने शुभकामनाएँ दीं.

## लौहपुरुष की जयंती पर रन फॉर यूनिटी का भव्य आयोजन

### हथियाखेड़ा से गुलाबगंज तक पदयात्रा, स्वास्थ्य शिविर और खेल महोत्सव आयोजित

नवभारत न्यूज

**विदिशा , सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर शुक्रवार को रन फॉर यूनिटी पदयात्रा का भव्य आयोजन किया गया. पदयात्रा ग्राम हथियाखेड़ा से प्रारंभ होकर गुलाबगंज तक पहुँची. आयोजन में बड़ी संख्या में बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया.** कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए. उनके साथ जिला अध्यक्ष महाराज सिंह दांगी, विधायक मुकेश टंडन, जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी, कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे, शमशाबाद विधायक सूर्य प्रकाश मीणा बासौदा विधायक हरि सिंह रघुवंशी, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. राकेश जादौन, वरिष्ठ नेता श्याम सुंदर शर्मा, तोरण सिंह दांगी तथा विभिन्न जनपद अध्यक्ष और पदाधिकारी मौजूद रहे.



### गुलाबगंज में लगा स्वास्थ्य शिविर

पदयात्रा के उपरांत गुलाबगंज में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया. शिविर में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए.उन्होंने कहा कि विदिशा लोकसभा को मॉडल लोकसभा के रूप में विकसित किया जाएगा. विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी.आयोजन के अंतर्गत खेल महोत्सव भी रखा गया, जिसमें बालक एवं बालिका वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिताएँ संपन्न हुई. विजयी टीमों को मंच पर सम्मानित किया गया. पूरे कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों का उत्साह देखते ही बनता था.

## निर्मला कान्वेन्ट बना इंटर स्कूल क्रिकेट का विजेता

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** सागर डायोसियेशन द्वारा आयोजित इंटर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमी फायनल एवं फायनल मुकाबले निर्मला कान्वेट स्कूल में हुये. जिसमें निर्मला कॉनवेंट की टीम ने सेंट मेरी स्कूल मकरौनिया की टीम को हराकर खिताब अपने नाम किया. सेंट मैरी स्कूल टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी की. निर्मला कॉन्वेट की टीम ने 10 ओवर में 75 रन बनाये. जवाब में सेंट मैरी की टीम 10 ओवर में मात्र 62 रन ही बना सकी.



इस प्रकार निर्मला स्कूल ने फायनल मुकाबला 13 रन से जीत कर इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट की ट्रॉफी अपने नाम कर ली. फायनल मुकाबले में मैन ऑफ द मैच अश्विन वर्मा रहे. जबकि श्रेष्ठ गेंदबाज प्रीत मांझी एवं श्रेष्ठ बल्लेबाज प्रिंस श्रीवास्तव चुने गये. इससे पूर्व सेमी फायनल मुकाबले में निर्मला स्कूल ने सेंट मैरी स्कूल दौराना की टीम का हरा कर फायनल में प्रवेश किया. वहीं सेंट मेरी स्कूल मकरौनिया ने लिटिल फ्लावर स्कूल गैरतगंज की टीम को हराकर फायनल में स्थान बनाया. विजेता एवं उप विजेता टीम को सागर से पधारे बिशव जेम्स अथिकलम द्वारा पुरूकृत किया गया. विद्यालय के प्रबंधक फादर एण्टोनी एवं प्राचार्य सिस्टर टेंसी ने खिलाड़ियो एवं उनके कोच को विजेता बनने पर बधाई दी. प्रतियोगिता में अम्पायर की भूमिका में अनस खान एवं विशाल कुशवाह रहे.

## सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, अतिथि मंत्रियों की उपस्थिति और विशेष ट्रेन स्टॉपेज से जगमगाएगा नगर

### सांची में 73वां वार्षिक बौद्ध महाबोधि महोत्सव आज से

नवभारत न्यूज

**सांची,शनिवार से सांची में 73वां वार्षिक बौद्ध महाबोधि महोत्सव दो दिवसीय कार्यक्रम के साथ शुरू हो रहा है.शाम को आयोजित होने वाले उद्घाटन समारोह में संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे. कार्यक्रम की अध्यक्षता मछुआ कल्याण एवं मत्स्य राज्य मंत्री नारायण सिंह पवार करेंगे.**

इस अवसर पर स्वास्थ्य राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, क्षेत्रीय विधायक डा. प्रभूराम चौधरी, भोजपुर विधायक सुरेन्द्र पटवा तथा जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत सिंह मीणा भी उपस्थित रहेंगे. महोत्सव को लेकर नगर में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. सांची को दुल्हन की तरह सजाया-संवारा गया है.यात्रियों की सुविधा हेतु रेलवे प्रशासन ने दो दिनों के लिए सांची रेलवे स्टेशन पर चार यात्री ट्रेनों के लिए दो मिनट का अस्थायी स्टॉपेज प्रदान किया है. इनमें शामिल हैं. 12615 एमएएस एनडीएलएस, 12616 एनडीएलएस एमएएस, 18237 केआरबीए एएसआर, 18238 एएसआर केआरबीए दो दिवसीय महोत्सव जम्बूद्वीप परिसर में आयोजित किया जाएगा. जिसे महाबोधि सोसायटी श्रीलंका एवं जिला प्रशासन संयुक्त रूप से आयोजित कर रहे हैं. इस आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक उत्सव में ज्ञान, सत्य, अहिंसा के मार्ग पर चलकर शांति, समृद्धि और विश्व बंधुत्व का संदेश दिया जाएगा. श्रीलंका से आए कलाकार लोकनृत्य, गायन और नृत्य-नाटिका के माध्यम से भगवान बुद्ध की जीवनकथाओं और उनके उपदेशों को प्रस्तुत करेंगे.महोत्सव का शुभारंभ बौद्ध मंदिर में भगवान बुद्ध एवं उनके परम शिष्यों की पावन अस्थियों की पूजा-अर्चना के साथ किया जाएगा.सांची में जगमगाते महाबोधि महोत्सव का यह वार्षिक उत्सव शांति, संस्कृति और बौद्ध संदेशों की अनूठी छटा बिखरेगी.

## बेडमिंटन एवं सॉफ्टबाल में छात्रों को मिला प्रथम पुरस्कार

### राज्यस्तर पर सैण्ट एसआरएस के होनहारों ने दिखाया दम

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** स्थानीय सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल के होनहार खिलाड़ियों ने मण्डीदीप एवं छतरपुर में आयोजित 69 वीं राज्य स्तरीय बॉलबेडमिंटन एवं सॉफ्टबाल प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया और प्रथम स्थान प्राप्त किया. संस्था परिवार के द्वारा दोनों छात्रों का संस्था में अभिनंदन किया गया। खेल अधिकारी कपिल गौर एवं कोच गजेंद्र सिंह दांगी ने बताया कि संस्था के छात्र राज शिवहरे ने बाल बेडमिंटन प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है. इसी तरह सॉफ्टबाल राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिगर दुबे ने भी प्रथम स्थान प्राप्त कर संस्था को गौरवान्वित किया है.संस्था के दोनों छात्रों को संस्था के डायरेक्टर के.एस. यादव, मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती सुधा यादव, प्राचार्य उमेश चंद्र यादव, प्रभारी प्राचार्य रजनी गुप्ता, कोऑर्डिनेटर प्रियंका अग्रवाल, एन एस एस प्रभारी के पी एस चौहान, सुपार्श जैन, आकाश साहू, विक्रांत सोनी, सहित शिक्षक परिवार ने राज्य स्तर पर विजय प्राप्त करने पर शुभकामनाएं प्रदान की. इस दौरान संस्था के सभी छात्राओं और खिलाड़ियों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ दोनों ही खिलाड़ियों का अभिनंदन किया.

## संविधान एक पुस्तक नहीं भारत की आत्मा- अहिरवार

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** अजाक्स संघ गंजबासौदा द्वारा संविधान दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ अजाक्स के जिलाध्यक्ष एलआर अहिरवार एवं रिटायर शिक्षक नौनीतराम अहिरवार द्वारा बाबासाहेब आंबेडकर के छाया चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया गया.जिलाध्यक्ष ने संविधान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संविधान एक किताब ही नहीं इसमें भारत की आत्मा बसती है इसमें सभी को एक समान अधिकार निहित है. कार्यक्रम को बासौदा ब्लाक अध्यक्ष कैलाश बाबू अहिरवार, तहसील अध्यक्ष सूर्यभान सिंह थानेश्वर,वौद्धिस्ट सोसायटी के ब्लाक अध्यक्ष महेन्द्र कुमार दिवाकर आदि मौजूद थे.

नि:शुल्क सेवा
- शव वाहन / फ्रीज़र
- ब्लड ग्रुप लिस्ट
- मरीज इलाज उपकरण
- पुराने लेकिन पहनने योग्य वस्त्र
- देहदान नेत्रदान संकल्प के लिए

शेरपुरा विदिशा में विकास पचौरी फोटो स्टूडियो के बगल में स्थित सुनो रेडियो स्टेशन पर संपर्क करें.

मोबाइल में बजता है
विकास पचौरी फाउण्डेशन द्वारा प्रसारित



सुनो रेडियो
84 35 250 250
प्ले स्टोर/एप स्टोर से डाउनलोड करके आनंद लीजिए

**मंडी विवाद** | **किसान का आरोप उसकी फसल 35 किलो कम तौली गई, मंडी प्रशासन के हस्तक्षेप से मामला हुआ शांत**

# मंडी में फसल तौल के दौरान किसान की हम्माल, तुलावट से हुई बहस

नवभारत न्यूज


**सिरोंज 28 नवम्बर, सिरोंज कृषि उपज मंडी में शुक्रवार को एक किसान की सोयाबीन की फसल तुलाई के दौरान किसान की हम्माल, तुलावट से बहस हो गई. किसान का आरोप था कि उसकी फसल को करीब 35 किलो कम तौला गया है. उसके अंतिम एक बोरे में करीब सवा क्विंटल सोयाबीन की फसल भरी गई है. जबकि वहां मौजूद हम्माल, तुलावट का कहना था कि एक बोरे में इतना सोयाबीन नहीं आ सकता है. जिसको लेकर किसान की हम्माल, तुलावट से बहस होने लगी.**



मामले की जानकारी मिलने पर मंडी के अधिकारी, कर्मचारी एवं किसान नेता भी मौके पर पहुंच गये. जिसके बाद किसान ने अपनी सोयाबीन की फसल को एक बोरा में भरकर तौल कराई. जो करीब 1.42 क्विंटल निकली. जिसके बाद मंडी प्रशासन के हस्तक्षेप से मामला शांत हो सका तथा किसान को उसकी पूरी उपज का भुगतान कराया गया.

जानकारी के अनुसार ग्राम चितौरा का एक किसान शुक्रवार को मंडी में अपनी सोयाबीन की फसल को बेचने पहुंचा था. इस दौरान उसकी सोयाबीन की फसल एक फर्म पर बिकी थी. जब वह फसल की तौल कराने पहुंचा, तो वहां तौल के दौरान उसकी हम्माल एवं तुलावट से विवाद की स्थिति बनी. किसान शिवम रघुवंशी का कहना था कि वह पहले से ही मंडी में 9.50 क्विंटल फसल तौल कराकर लाया है. जबकि मंडी में तौल के दौरान उसकी फसल को 9.15 क्विंटल बताया जा रहा है. इस तरह उसकी फसल को करीब 35 किलो कम तौला जा रहा है. अंतिम एक बोरे में फसल करीब सवा क्विंटल भरी गई है. जबकि वहां मौजूद हम्माल, तुलावट का कहना था कि इतनी सोयाबीन फसल बोरा में नहीं आ सकती है. जिसपर किसान की हम्माल, तुलावट से बहस होने लगी. जिसकी जानकारी मिलने पर मंडी के अधिकारी, कर्मचारी भी मौके पर पहुंच गये. वही किसान की सूचना पर किसान नेता सुरेंद्र रघुवंशी भी मौके पर आ गये. बाद में विवाद बढ़ता देख किसान ने अपनी सोयाबीन की फसल को एक बोरा में भरकर तौल कराई. जिसपर वह करीब 1.42 क्विंटल निकली. जिसके बाद कांग्रेस नेता एवं किसान ने मंडी में फसल चोरी का आरोप लगाकर दोषियों पर कार्यवाही की मांग की. इस मौके पर किसान नेता सुरेंद्र रघुवंशी का कहना है कि प्राकृतिक आपदा एवं फसलों का सही दाम ना मिलने से किसान पहले से ही परेशान है. मंडी में किसान की मेहनत की फसल की सही तौल नही होने से किसान बर्बाद हो जावेगा. किसानों के उपज चोरी की शिकायतों की जिम्मेदारों को जांच कराकर दोषियों पर कार्यवाही कराना चाहिए. जिससे किसानों की मेहनत की फसल की चोरी होने से रोका जा सके. वही मंडी में किसानों की उपज की धर्मकांटे से ही तौल सुनिश्चित कराना चाहिए. वही मंडी सचिव श्री भिलाला का कहना है कि किसान का आरोप था कि उसकी आखिरी बोरे में फसल को करीब 35 किलो कम तौला गया है. जिसपर मंडी कर्मचारियों की मौजूदगी में एक बोरे में फसल भरकर तौल कराई गई, जो करीब 1.42 क्विंटल निकली है. मंडी प्रशासन द्वारा किसान को उसकी पूरी उपज का भुगतान कराया गया है. मंडी प्रशासन द्वारा मौके का पंचनामा बनाया गया है. वही मंडी द्वारा हम्मालों आदि को नोटिस भी जारी किये जा रहे हैं.

देव दर्शन एवं पगड़ी रस्म



हमारे असाता कर्म के उदय से हमारे पूज्यनीय
डॉ. इंद्र कुमार जैन (पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी, झांसी)
का आकस्मिक देह परिवर्तन दिनांक 26.11.2025 को हो गया है।
इस बावत गृह शुद्धि, देवदर्शन एवं पगड़ी रस्म एवं शोक सभा
दिनांक 29.11.2025 दिन शनिवार को प्रात: 10.00 बजे रखी गई है।
स्थान- निज निवास अरिहंत विहार कॉलोनी 202 A, फेस 1
CIST कॉलेज के पास हनुमान मन्दिर के पीछे, विदिशा
-:: शोकाकुल परिवार ::-
श्रीमती मालती जैन (पत्नी), श्री अमित श्वेता जैन ( पुत्र एवं पुत्रवधु),
श्रीमती अनुपमा-डॉ. राजीव जैन ( बेटी-दामाद), मनोहर लाल,
मनोज कुमार, सुशील कुमार, संजीव कुमार, प्रमोद कुमार, राजीव कुमार
अरविन्द कुमार, राकेश कुमार, राजेश कुमार जैन
एवं समस्त तुलसी स्वरूप परिवार (बांदा)